## खबर संक्षेप

### जाकिर हुसैन वार्ड में 29.45 लाख से बनेगा सामुदायिक भवन

**कटनी।** नगर विकास के साथ ही नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देशन में नगर विकास का सिलसिला अनवरत जारी है। हुसैन वार्ड स्थित खेरमाई माता मंदिर के निवासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक और धार्मिक गतिविधियाँ संचालित कर मोहल्ले के लिए सामूहिक विकास का केंद्र उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 29 लाख 45 हजार रुपये की लागत से सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका भूमिपूजन विगत दिवस महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा स्थानीय पार्षद रेखा संजय तिवारी एवं स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी में किया गया। क्षेत्रीय उपयंत्री जायेन्द्र प्रताप सिंह नें बताया कि नागरिकों की सुविधा हेतु निर्मित कराये जा रहे सामुदायिक भवन में एक हॉल सहित दो सुविधायुक्त कक्षों किचन लेट बाथ आदि की व्यवस्था सहित सामुदायिक भवन की फ्लोर में टाइल्स का उपयोग किये जाने से मजबूती के साथ ही इसकी सुंदरता भी बढेगी। सामुदायिक भवन निर्मित हो जाने से क्षेत्रीय नागरिकगण कम दर पर इसका उपयोग कर अपने पारिवारिक कार्यक्रमों को अच्छे से संपन्न करा सकेंगे।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का कार्यालय स्थानांतरित

**कटनी।** मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का कटनी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय अब नए भवन में स्थानांतरित हो गया है। क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी ने बताया कि कार्यालय का नया पता क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एनएच 30, जबलपुर-रीवा बायपास रोड, महेन्द्रा एण्ड महेन्द्रा शोरूम के पास, गुलवारा, तहसील मुडवारा, कटनी है। अब सभी काम नए पते से संचालित होंगे।

### युवक से शराब जब्त

**विजयराघवगढ़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घुनसुर में एक युवक शराब का अवैध विक्रय करता था जिसे पकड़ कर पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है। पुलिस द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि मुखबिर के माध्यम से सूचना मिलने कर सोमवार शाम करीब साढ़े 6 बजे घुनसुर में दबिश दी गई थी। यहां रोड के किनारे लाल बहादुर कोल पिता चुन्नी लाल कोल 33 साल को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 16 पाव देशी प्लेन शराब जब्त करने के साथ ही आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

### दिलीप यादव का हुआ तबादला, आशीष तिवारी होंगे जिले के नए कलेक्टर



**कटनी।** मप्र शासन के द्वारा जारी की गई आईएएस तबादला सूची में कटनी कलेक्टर के पद पर पदस्थ आईएएस दिलीप यादव का स्थानांतरण कटनी से इंदौर नगर निगम आयुक्त कर दिया गया है, उनकी जगह पर अब कटनी जिले की कमान आईएएस आशीष तिवारी संभालेंगे। आपको बता दें कि वर्तमान में पदस्थ आईएएस दिलीप यादव ने बीते वर्ष जुलाई माह में कटनी जिले की कमान संभाली थी। कटनी जिले की जिम्मेदारी अब आईएएस आशीष तिवारी संभालेंगे।

### जिले में अब तक 1000.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से 9 सितम्बर तक कुल 1000.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1299.4 मिलीमीटर वर्षा हुई है। कटनी तहसील में 1078.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। रीठी में 1299.4 मिमी बड़वारा में 901 मिमी बरही तहसील में 870 मिमी और विजयराघवगढ़ में 878.7 मिमी बहोरीबंद में कुल 884.5 मिमी एवं स्लीमनाबाद में 1179.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा में 911.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### शराब के अवैध कारोबार पर लगाम लगाने ऑपरेशन शिकंजा के तहत कार्रवाई

# जिले भर के थाना क्षेत्र में हुई कार्रवाई, 1.80 लाख रूपए की अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले भर में शराब की अवैध बिक्री का कारोबार बेलगाम हो चुका है। ठेकेदार गुर्गों के माध्यम से पैकारियों में अवैध शराब खपा रहे हैं। गांव गांव संचालित पैकारियों में सुविधा के अनुसार वाहनों के माध्यम से शराब की पेटियां पहुंचाई जा रही है। अवैध पैकारियों के संचालन का विरोध करने पर ग्रामीणजनों के साथ ठेकेदार के गुर्गे मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। अवैध शराब की बिक्री के चलते न सिर्फ तेजी से नशेड़ियों का ग्राफ बढ़ रहा है बल्कि अपराधिक गतिविधियों में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। बड़ों से लेकर किशोरवय उम्र की पीढ़ी भी नशे की आदि होने लगी है। नशे की वजह ससे परिवार की महिलाएं तरह तरह की यातनाओं से परेशान है। शिकायतों पर पुलिस सख्त कार्यवाही नहीं करती। कार्यवाही के नाम पर टुटपुंजिया को पकड़ने एवं कागजी खानापूर्ति के लिए शराब जब्त की कार्यवाही की जा रही है। ठेकेदारों एवं माफियाओं पर कार्यवाही नहीं होती।





शराब की अवैध रूप से बिक्री करने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान बड़ी मात्रा में देशी एवं अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सघन अभियान "ऑपरेशन शिकंजा" के अंतर्गत जिलेभर में अवैध शराब बिक्री एवं पैकारी गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस के थाना माधव नगर, कुंडला, एनकेजे, स्लीमनाबाद, बहोरीबंद, उमरियापान, ढीमरखेड़ा, विजयराघवगढ़ , कैमोर, बरही, बडवारा, रीठी, बाकल थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा दबिश दी गई और अवैध देशी-विदेशी मदिरा एवं कच्ची शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में शराब और निर्माण सामग्री जप्त की गई।

जिले भर में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के दौरान कुल 58 प्रकरण दर्ज किए गए। 1677 पाव अवैध देशी शराब बरामद की गई। वही 53 नग बीयर की बोतल/कैन जब्त किया गया। 3 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की गई। इस तरह कार्यवाही के दौरान कुल 1,80,000/- की अवैध शराब जब्त की गई।



# छात्र छात्राओं को बताया नेत्र दान का महत्व, दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

राहत समर्पण सेवा समिति ने शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में राष्ट्रीय नेत्रदान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्राध्यापकगण और अतिथि उपस्थित रहे समिति के अध्यक्ष शारदा प्रसाद साहू ने कहा कि जीवन की सबसे बड़ी सेवा वही है जिसमें हम किसी और की अंधेरी दुनिया में उजाला बाँटें। नेत्रदान ऐसा दान है जो मृत्यु के बाद भी जीवित रहता है। उन्होंने छात्रों को नेत्रदान की शपथ दिलाई और आँखों की संरचना कार्य एवं सुरक्षा से संबंधित सरल जानकारी साझा की।

विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के दौरान उत्साह के साथ संकल्प पत्र भरे और नेत्रदान का प्रण लिया। समिति के सदस्यों ने बच्चों के सवालों के जवाब देकर भ्रांतियों को दूर किया और स्पष्ट किया कि नेत्रदान एक सुरक्षित और मानवीय प्रक्रिया है। समिति के अध्यक्ष शारदा साहू ने सोमवार को लगभग साढ़े पांच बजे जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार हर वर्ष 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा आयोजित करती है। इसी क्रम में राहत समर्पण सेवा समिति लगातार जन-जागरूकता अभियान चला रही है। संस्था ने पहले भी रक्तदान, नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर प्रभावी पहल की है। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. सुषमा श्रीवास्तव सहित डॉ. अरुण कुमार आदि उपस्थित रहे।

### कांग्रेसी नेताओं ने प्रेसवार्ता में सरकार व जिला प्रशासन पर जमकर साधा निशाना

# जन समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरेंगे, 12 सितंबर को बिजली दफ्तर का करेंगे घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा, शिक्षा व्यवस्था की खामियों और भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने सरकार व प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला और ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह ने बरगवां स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के नवीन कार्यालय में आयोजित संयुक्त पत्रकारवार्ता में जिले की पुलिस कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अपराधियों में पुलिस का भय कम और आम जनता में ज्यादा है। हथियारबंद गिरोह खुलेआम शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में सक्रिय हैं, लेकिन पुलिस उन्हें पकड़ने में विफल साबित हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि प्रमुख चौराहों और तिराहों पर रात में पुलिस बल की फिक्स ड्यूटी लगाई जाए, ताकि आम नागरिकों के बीच सुरक्षा की भावना बनी रहे।

ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा शुरू किए गए संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस एक नई सोच और नई टीम के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का दायित्व जनता की आवाज़ उठाना है, लेकिन कटनी में प्रतिनिधियों को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। कांग्रेस अब जनता की आवाज़ को सरकार तक पहुंचाने के लिए सड़कों पर उतरेगी।

शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि कटनी शहर भ्रष्टाचार के दलदल में फंसा हुआ है। छोटे-छोटे कामों के लिए नागरिकों को दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर में अवैध उत्खनन धड़ल्ले से चल रहा है और इस पर जनप्रतिनिधि मौन साधे हुए हैं। उन्होंने स्मार्ट मीटर का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बिना सहमति के नागरिकों के घरों में जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इस मुद्दे पर कांग्रेस आंदोलन करेगी और आगामी 12 सितम्बर को बिजली दफ्तर का घेराव किया जाएगा।

#### पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज का करेंगे विरोध

अमित शुक्ला ने प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि बीते 20 वर्षों से भाजपा की सरकार है, लेकिन कटनी को अब तक मेडिकल कॉलेज नहीं मिल सका। विधानसभा चुनाव से पहले सरकारी मेडिकल कॉलेज की घोषणा की गई थी, लेकिन बाद में इसे पीपीपी मोड में डाल दिया गया। कांग्रेस ने इस निर्णय का विरोध करने का ऐलान किया।

#### सड़क से सदन तक संघर्ष

वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रियदर्शन गौर और जिले के प्रभारी वीरेंद्र द्विवेदी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनता की मूलभूत समस्याओं की अनदेखी अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

### जीएसटी टीम ने दो वाहनों को पकड़ थाना में खड़ा कराया



मंगलवार सुबह जीएसटी की टीम ने जबलपुर से कटनी पहुंचे दो परचून वाहनों को मिशन चौक पर पकड़ा और कोतवाली थाना में खड़ा कराया। वाहनों में लोड समान की जांच शुरू कि तो जीएसटी टीम को सुपाड़ी, ग्रिसलीन सहित अन्य समान बिना बिल का मिला जबकि कुछ सामान में ई वे बिल मिला है। सुबह से दोपहर तक जीएसटी टीम ने एक एक समान की जांच की और बिलों का मिलान किया। जीएसटी सहायक आयुक्त चंद्र कुंवर सिंह ने बताया कि इन दिनों लगातार अभियान के तहत ट्रांसपोर्ट वाहनों की जांच की जा रही है। मंगलवार सुबह जीएसटी टीम ने मिशन चौक पर दो वाहन एक ट्रक और एक 407 वाहन को पकड़कर पूंछताछ की गई चालक ने समाधान कारक जवाब नहीं दिया जिसके उपरांत वाहनों को कोतवाली थाना परिसर में खड़ा कराया गया है अभी तक की जांच में सुपाड़ी और ग्रिसलीन जो आई है वह बगैर ई वे बिल के थी। संबंधित को सूचना देकर दस्तावेजों की जांच की जा रही है और टैक्स चोरी पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

# रामलीला मैदान से हटाया गया अतिक्रमण, दोबारा कब्जा नहीं करने की दी गई हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गोल बाजार रामलीला मैदान में अस्थाई रूप से मूर्तियों को रखकर स्थल पर अतिक्रमण करनें की प्राप्त हो रहीं निरंतर शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए राजस्व अमले, निगम प्रशासन एवं पुलिस बल की मौजूदगी में अनिकृत अतिक्रमण को हटानें की कार्यवाही की गई।

अतिक्रमण प्रभारी नगर निगम मानेन्द्र सिंह नें बताया कि गोल बाजार रामलीला मैदान में विवेक पाठक द्वारा किए गए अनाधिकृत अतिक्रमण को मंगलवार को शासन एवं प्रशासन की मौजूदगी में हटानें की कार्यवाही की जाकर अतिक्रमणकारी को स्थल पर दोबारा किसी भी तरह का कब्जा नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई।



इस दौरान तहसीलदार आशीष अग्रवाल, थाना प्रभारी कोतवाली अजय सिंह,थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे,अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह सहित अतिक्रमण अमले व पुलिस दल की मौजूदगी रही।

निगमायुक्त नीलेश दुबे ने बताया कि नगर के मुख्य मार्गो एवं सार्वजनिक स्थलों में स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण हटानें की कार्यवाही निगम प्रशासन द्वारा निरंतर की जा जाकर नागरिकों को बेहतर आवागमन एवं सुविधाएं मुहैया करानें के प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने सर्व संबंधितों से सार्वजनिक मार्गो एवं स्थलों पर किसी भी प्रकार का स्थाई एवं अतिक्रमण न कर सुगम यातायात व्यवस्था में सहयोग प्रदान करनें की अपील की है।

### एसडीएम एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप बताई समस्याएं

# ग्रामीणों एवं महिलाओं ने रैली निकाल पैकारियों को बंद कराने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम कैमोरी के ग्रामीणों ने गांव को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया। समूचे गांव के ग्रामीण एकत्रित हुए जिसमे बच्चों सहित महिलाये भी शामिल रही। गांव मे सबसे पहले रैली निकाली गई जिसमें नशा मुक्त गांव बनाने के नारे लगाए गए। ग्राम कैमोरी के ग्रामीण मंगलवार को थाना प्रभारी बहोरीबंद ओर एसडीएम बहोरीबंद को गाँव मै संचालित अवैध शराब को बंद कराने को लेकर ज्ञापन सौपा।

ग्रामीणों ने बताया कि गाँव मे शराब की अवैध पैकारी खुली है।जिससे गांव मे नशे का कारोबार चरम पर है।शराब से आर्थिक स्थिति तो बिगड़ ही रही है साथ ही वाद विवाद आये दिन हो रहे है।मुख्यमंत्री की मंशानुरूप ग्राम को नशा मुक्त बनाना है।



शराब की अवैध पैकारिया बन्द कराने थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी लेकिन पुलिस कोई ध्यान नही दे रही है। कारण शराब का कारोबार संरक्षण में चल रहा है जिससे युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। इसलिए प्रशासन सहयोग करे जिससे ग्राम से अवैध पैकारिया बन्द हो व गांव मे वातावरण साफ स्वच्छ बना रहे है। इस दौरान बड़ी संख्या मे महिलाओं व ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### साधूराम स्कूल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**कटनी।** कोतवाली थाना से चंद कदम दूर साधुराम स्कूल के बाहर से एक मोटरसाइकिल अज्ञात चोरी कर ले गया। जानकारी के अनुसार प्रभांशु तिवारी निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जो नगर निगम में कार्यरत हैं, अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक MP21-M-1364 से स्कूल पहुंचे थे। स्कूल के बाहर बाइक खड़ी कर अपना कार्य निबटाने चले गए इसी बीच चोर ने बाइक पार कर दी। प्रभांशु ने कोतवाली थाने में बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

### शासकीय महाविद्यालय में चल रहा हिंदी पखवाड़ा अभियान

# हिंदी हमारी संस्कृति, इसके बिना विकास संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में हिंदी पखवाडा अभियान प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय की अध्यक्षता में चल रहा है। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ किरण खरादी ने कहा कि हिंदी पखवाड़ा 1 सितंबर से 15 सितंबर तक मनाया जाता है और इसका उद्देश्य हिंदी भाषा को बढ़ावा देना है। हिंदी भारत में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। यह एक सेतु का काम करती है, जो भारत की विविध संस्कृतियों को एक सूत्र में पिरोती है और सामाजिक एकीकरण को बढ़ावा देती है। सोशल मीडिया पर भी इसका महत्व दिखता है क्योंकि यह प्रभावी संचार और समुदाय निर्माण में सहायक है।



हिंदी भारत की राजभाषा है, और हिंदी पखवाड़ा इसे अपनाने के महत्वपूर्ण निर्णय को याद करता है. इसका उद्देश्य हिंदी के उपयोग और प्रचार को बढ़ावा देना है। हिंदी भाषा भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इसके उपयोग को बढ़ावा देना आवश्यक है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को जोड़ने में हिंदी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है!हिंदी पखवाड़ा सभी को एक सूत्र में पिरोने का काम करता है।

डॉ प्रीत नेगी ने कहा कि हिंदी पखवाड़ा के दौरान निबंध लेखन, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी और आलेखन सहित अन्य प्रतियोगितायें होंगी जिसमें सभी छात्र -छात्राये उत्साहपूर्वक भाग लें। इस दौरान हिंदी में अच्छा काम करने वाले विभागों और व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है। हिंदी पखवाड़ा के माध्यम से हिंदी के प्रति रुचि और सम्मान बढ़ता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि राजभाषा अपने विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़े।

प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने कहा कि हिंदी मात्र भाषा ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, सभ्यता और परंपरा की विरासत को अपने में संजोए रखने एवं हमारे सांस्कृतिक गौरव, एकता व अखंडता की पहचान है, जो संपूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में बांधती है। देश मे हिंदी को बढ़ावा देने निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इस दौरान डॉ अनिल शाक्य, डॉ शैलेंद्र जाट,डॉ प्रीत नेगी,डॉ प्रीति यादव,डॉ भारती यादव, डॉ भरत तिवारी, डॉ राजेश कुशवाहा,सहित महाविद्यालय स्टॉफ ओर छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### अतिथि शिक्षकों को एकजुट होने किया प्रेरित

**विजयराघवगढ़।** आजाद अतिथि शिक्षक संघ की विजयराघवगढ़ ब्लॉक के सिनगौड़ी संकुल में बैठक आयोजित की गई और अतिथि शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा की गई। विशेष रूप से ई अटेंडेंस को लेकर गहन चर्चाएं हुई जो अतिथि शिक्षकों के ऊपर थोपी जा रही है। सोमवार को लगभग 6 बजे जिला प्रवक्ता मोहम्मद माजिद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक के दौरान 16 सितंबर को भोपाल में आयोजित आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी अतिथि शिक्षकों को एकजुट होने के लिए प्रेरित किया गया। संगठन का विस्तार भी किया गया जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश सह सचिव शिवाकांत मिश्रा, कटनी जिला अध्यक्ष मोती सिंह राजपूत, जिला प्रवक्ता मोहम्मद माजिद खान के साथ, साधना दुबे, खुशनुमा बेगम, परौहा मैडम, सुरेश पटेल, राकेश गुप्ता, संजय दुबे बहादुर पटेल, बशीर अहमद मौजूद रहे।



# 15 हजार की अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर आबकारी विभाग ने आबकारी वृत्त क्रमांक 03 के अंतर्गत ग्राम हिरवारा, सलैया, गाताखेड़ा एवं केवलारी में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुये भारी मात्रा में अवैध मदिरा जब्त की है। टीम ने दबिश के दौरान 74 पाव देशी मदिरा प्लेन, 55 पाव देशी मदिरा मसाला एवं 34 पाव विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की कुल 163 पाव प्रत्येक में 180 मिलीलीटर की धारिता से 29.34 बल्क लीटर जब्त की। जब्त की गई सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 15 हजार 732 रुपये आंकी गई है। इस मामले में, आबकारी अधिनियम के तहत कुल 2 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशाराम उइके ,आबकारी उप-निरीक्षक अतुल कुटार, केशव उइके, के के पटेल, आंचल प्रजापति आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### फेरी लगाकर कपड़े बेचने वालों से रहे सावधान

**कटनी।** शहर मे पिछले कई दिनों से गली मोहल्लों में लेडीज सूट गर्म कम्बल, चादर और अन्य कपड़े बेचने वालों का गैंग आया हुआ है ये बीदर और गुलबर्गा के मुसलमान जेहादी लोग हैं, जो लेडीज सूट और चादर बेचने का नाटक कर रहे हैं, ये सभी गैंगस्टर हैं पुलिस ने शहर वासियों से अपील की है कि ऐसे कोई संदिग्ध मिले तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। बताया गया हैं कि ये लोग गिरोह के सदस्य दिन में गर्म कंबल या अन्य कपड़ा विक्रेता बनकर मोहल्ला , कॉलोनी आदि में सस्ता सामान बेचने के नाम पर घरों की रेकी करते हैं और फिर मौका तलाश कर घरों में घुसकर लूट लेते हैं, इसलिए सावधान रहें और यह मैसेज अपने सभी को शेयर अवश्य करें।

### निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों का प्रशिक्षण 16 से

**कटनी।** निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों का चार दिवसीय जिला एवं जनपद स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (TOT) 16 सितंबर से 19 सितंबर 2025 तक महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज संस्थान मध्यप्रदेश आधारताल जबलपुर में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले की प्रत्येक जनपद पंचायत से एक महिला मास्टर ट्रेनर्स का चयन निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए प्रतिभागियों का चयन करने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। जारी पत्र के मुताबिक नामांकित प्रतिभागियों को न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का प्रशिक्षण का अनुभव, पंचायतीराज तंत्र की सम्यक समझ, 73 वें संविधान संशोधन के प्रावधानों में लैंगिक संवेदनशीलता एवं समानता के प्रति प्रतिबद्धता, अनुभावत्मक शिक्षण विधियों का सक्रिय प्रयोग, ऊर्जा एवं नवोन्मेषी नेतृत्व क्षमताएं आदि होनी चाहिए। जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के प्रशिक्षण हेतु संस्थान में आयोजित जिला एवं जनपद स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण 16 सितंबर से 19 सितंबर 2025 की अवधि हेतु प्रतिभागियों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार नामांकित कर सूची उपलब्ध कराए।

### दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण 22-23 को

**कटनी।** जिले की समस्त जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों का दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण (रिफ्रेशर ट्रेनिंग) 22 एवं 23 सितंबर 2025 को महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज संस्थान (मध्यप्रदेश) आधारताल जबलपुर में दस से पांच बजे तक आयोजित किया गया है। इस संबंध में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र लिखकर जनपद पंचायतों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों की उपस्थिति उन्मुखीकरण प्रशिक्षण में सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया है और कृत कार्यवाही से अवगत कराने को कहा है।

### लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु 15 सितंबर तक विशेष शिविर

**कटनी।** जिले के सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए जिला पेंशन कार्यालय द्वारा 15 सितंबर तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य 'मिशन मोड' में काम करते हुए सभी लंबित पेंशन मामलों का शत-प्रतिशत निराकरण करना है। जिला पेंशन अधिकारी नीतू गुप्ता ने जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (डीडीओ) को तुरंत आईएफएमआईएस के माध्यम से पेंशन प्रकरण तैयार करने और सेवा पुस्तिका के साथ जिला पेंशन कार्यालय को भेजने का अनुरोध किया है। इसके अतिरिक्त, जो प्रकरण किन्हीं कारणों से निराकरण योग्य नहीं हैं, उनकी जानकारी भी कारण सहित तुरंत जिला पेंशन कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा है।

---

**मूलभूत विकास की दरकार को मोहताज ब्रजधाम ग्राम कोहका के निवासी**

# अंतिम संस्कार करने गांव मे नहीं भूमि, मुक्तिधाम की जमीन पर है अतिक्रमण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद**



गांवों का सर्वागीण विकास हो सके इसके लिए सरकार द्वारा तमाम प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है लेकिम धरातल पर उनका क्रियान्वयन सही तरीके से नही हो रहा है जिससे वर्तमान समय में भी विकास को कई गांव मोहताज है। ताजा मामला ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद के आश्रित ग्राम ब्रजधाम कोहका का सामने आया है जहां पर प्रमुख रूप से गांव मे अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम की आवश्यकता है।

ग्रामीण राजकुमार यादव, सूरज यादव, मदन यादव,संजय यादव ,रामनारायण यादव,अरविंद हळदकार,राजेंद्र यादव, धर्मेंद्र हळदकार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम नही बना है। मुक्तिधाम के अभाव में अंतिम संस्कार करने बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।सबसे ज्यादा समस्या वर्षा काल के समय होती है जिस स्थल में पीढ़ियों से अंतिम संस्कार होता आया है वह सरकारी भूमि है लेकिन इन दिनों भूमाफियों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया।

भू माफियों के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर सरकारी भूमि का विक्रय करवा रहे है। अतिक्रमण हो जाने से गांव मे अब कही भी भूमि नही बची जिससे अन्तिम संस्कार हो सके। इस स्थिति गांव के लोग अंतिम संस्कार करने कहा जाए यह सबसे बडी समस्या है।

### ग्राम पंचायत नही कर रहा मुक्तिधाम का निर्माण

ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2024 मे माघ मास में बसन्तोत्सव पर्व के दौरान विधायक प्रणय पांडेय गांव आये हुए थे जहां विधायक से मुक्तिधाम की मांग की गई। जिस पर विधायक ने गांव मे मुक्तिधाम का निर्माण हो इसके ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद के सरपंच व सचिव को निर्देशित किया था।लेकिन आज तक मुक्तिधाम के लिए ग्राम पंचायत के द्वारा प्रस्ताव तक बनाकर तैयार नही किया गया। यदि अब जल्द ही उक्त शासकीय भूमि के खसरा नम्बर 699 से अतिक्रमण हटवाकर मुक्तिधाम नही बनाया गया तो ग्रामीणजन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### आदेश पर नहीं हो रहा अमल

हाल ही में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के द्वारा स्पष्ठ आदेश जारी किये गये है कि जिन गाँवों मे अंतिम संस्कार करने मुक्तिधाम नहीं है। वहाँ प्राथमिकता के साथ मुक्तिधाम का निर्माण कराया जाये लेकिन स्लीमनाबाद ग्राम पंचायत के द्वारा जो मूलभूत जरूरतें है उनको लेकर कोई सार्थक पहल नहीं की जा रही है।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया का कहना है कि ग्राम कोहका में मुक्तिधाम स्थल पर अतिक्रमण होने का मामला प्रकाश में है। उक्त स्थल पर मुक्तिधाम बन सके इसके लिये मौके स्थल का निरीक्षण किया जाएगा व अतिक्रमण हटाने की कारवाई की जावेगी।

वहीं प्रभारी सचिव चंद्रभान चौधरी का कहना है कि ग्राम कोहका में मुक्तिधाम नहीं है यह विषय संज्ञान में आया है। मुक्तिधाम निर्माण के लिए जो आवश्यक प्रक्रिया है उसको पूर्ण कराते हुए मुक्तिधाम निर्माण की प्रक्रिया कराई जाएगी।

---



# 136 श्रमिक परिवारों के खातों में 2.88 करोड़ की राशि की अंतरित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को संबल योजना के अंतर्गत कटनी जिले के 136 श्रमिक परिवारों के बैंक खाते मे 2 करोड़ 88 लाख रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम अंतरित किया। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एन आई सी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में मौजूद रहकर अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र के साथ लाभार्थी हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ यादव के संबोधन के सीधे प्रसारण को वर्चुअली देखा और सुना।

संबल योजना के अंतर्गत जिले में सामान्य एवं दुर्घटना मृत्यु के प्रकरणों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जनपद पंचायत कटनी के 26 प्रकरणों में 52 लाख, जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा के 19 प्रकरणों में 38 लाख, जनपद पंचायत बड़वारा के 13 प्रकरणों में 30 लाख, जनपद पंचायत रीठी के 10 प्रकरणों में 22 लाख, जनपद पंचायत बहोरीबंद के 29 प्रकरणों में 60 लाख, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के 13 प्रकरणों में 28 लाख, नगर निगम के 25 प्रकरणों में 56 लाख एवं नगर परिषद बरही के 1 प्रकरण में 2 लाख की सहायता राशि अंतरित की गई।

संबल योजना, प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। अनुग्रह सहायता के अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रूपये और अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये, श्रमिकों के बच्चों को उच्च शिक्षा का सम्पूंर्ण शिक्षण शुल्क सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

---

**जन सुनवाई में पहुंचे 161 आवेदकों ने बताई अपनी समस्याएं**

# बिना रीडिंग के बिल भेजने एवं ट्रांसफार्मर बदलवाने अधिकारियों से की गई फरियाद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**



मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने यहां पहुंचे 161 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम भनपुरा नंबर 2 की निवासी कलीबाई ने आवेदन देते हुये बताया कि मेरे खेत से 2 एचपी की मोटर चोरी हो गई थी। जिस पर मैंने चौकी निवार में जाकर शिकायत कराई थी। परंतु, अभी तक उस शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इस पर पुलिस विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

जनसुनवाई में ग्राम रूपोंद निवासी मिथला बाई पटेल ने बताया कि मैं अकेली रहती हूँ। पात्र होने के बावजूद मुझे राशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इस पर खाद्य विभाग को पात्रतानुसार राशन दिलाये जाने के निर्देश दिये गए।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम बनगवां निवासी सुनील कुमार पटेल ने ट्रांसफार्मर बदलने की मांग करते हुये बताया कि पिछले माह आसमानी बिजली गिरने के कारण गांव का ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। इस संबंध में विद्युत विभाग को जानकारी देने के बाद भी ट्रांसफार्मर बदलने की कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की गई है। इस पर बिजली विभाग को ट्रांसफार्मर बदलने के निर्देश दिये गए।

तहसील बड़वारा के ग्राम नन्हवारा खुर्द निवासी जितेन्द्र सिंह ने कहा कि मेरे नाम पर घरेलू बिजली का कनेक्शन है। बिजली विभाग द्वारा बिना रीडिंग लिये बिल दिया जा रहा है। और बिल जमा नहीं करने पर पंचनामा बनाकर मेरे विरूद्ध नोटिस जारी कर दिया गया है। इस पर बिजली विभाग को शिकायत का निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

---

### लखेरा में तेज हवा से पीपल का पेड़ हुआ धराशायी



उपनगरीय क्षेत्र लखेरा में मंगलवार को तेज हवा से पीपल का पेड़ धराशायी हो गया। एक पास की बिल्डिंग पर गिरा, गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। पेड़ गिरने से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया और लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागे। स्थानीय लोगों ने तत्काल प्रशासन और नगर पालिका को सूचना दी। फिलहाल बिल्डिंग को मामूली नुकसान हुआ है लेकिन किसी भी प्रकार की जानमाल की हानि नहीं हुई। लोगों ने नगर पालिका से मांग की है कि पुराने और जर्जर पेड़ों की जांच कर जल्द से जल्द खतरे वाले पेड़ों को हटाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

---

# निगम कार्यालय सहित 4 स्थलों में 13 को आयोजित होगी लोक अदालत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आदेशानुसार शनिवार 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत शिविरों का आयोजन किया जाकर वित्तीय वर्ष 2024-25 तक की संपत्ति कर एवं जलकर की बकाया राशि मे अधिरोपित अधिभार में नियमानुसार छूट प्रदान की जानी है।

निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नागरिकों की सुविधा एवं अधिक से अधिक करदाताओं को लोक अदालत से लाभान्वित करने हेतु नगर के पांच स्थलों नगर निगम कार्यालय, सुभाष चौक जोन क्रमांक -1, बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, जोन क्रमांक -2 दुर्गा चौक खिरहनी व जोन क्रमांक 4 में लोक अदालत शिविरों का आयोजन कर करदाताओं को अधिक से अधिक छूट का लाभ प्रदान किया जायेगा।

निगमायुक्त नें अधिकारियों कर्मचारियों को लोक अदालत के दिवस प्रातः 10 बजे से उपस्थित होकर निर्धारित लक्ष्य अनुसार अधिक से अधिक बकाया राशि की वसूली कराने के निर्देश दिए है। कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आने पर राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक एवं उप राजस्व अधिकारी सागर नायक संपर्क करने के निर्देश दिए जाकर लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौंपे है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेशानुसार लोक अदालत शिविर आयोजन के दौरान नगर निग सहित अन्य शिविर स्थलों मे पर्याप्त साफ-सफाई, कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव, चूने की लाईनिंग, एमपीईबी से समन्वय स्थापित कर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करानें के साथ ही जिला न्यायालय परिसर एवं निगम द्वारा आयोजित शिविर स्थलों में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था करानें के निर्देश दिए है। सुधीर मिश्रा विभागाध्यक्ष-जलकर एवं सागर नायक प्र अधिकारी को शिविर स्थलों पर जलकर वसूली वसूली हेतु व्यवस्था कर कर्मचारियों की नामजद डयूटी लगानें के साथ ही राजस्व उपनिरीक्षक, प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वसूलीकर्ताओं को शिविर स्थलों मे नियुक्त किया जाकर समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करानें के निर्देश दिए है।

---

**सीएम ने समाधान ऑन लाइन में की 12 जिलों के आवेदकों की सुनवाई**

# नागरिक सेवाओं में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध करें सख्त कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के हर नागरिक और जरूरतमंद को सुशासन का सीधा लाभ मिले, यही सरकार का मूल लक्ष्य है। इसलिए प्रदेश के हर नागरिक को सुशासन का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। हरसंभव तरीके से अपनी दक्षता और क्षमता बढ़ायें। जिले में लंबित प्रकरणों पर पैनी नजर रखें। योजनाओं का समय-सीमा में क्रियान्वयन सुनिश्चित हों, इसके लिए बेहतर से बेहतर प्रबंधन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंत्रालय से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधान ऑनलाईन में आए प्रदेश के 12 जिलों के विभिन्न श्रेणी के प्रकरणों की सीधी सुनवाई की और आवेदकों से रू-ब-रू बात कर उनके मामले के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिक सेवाओं में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये।

इस दौरान कटनी के कलेक्ट्रेट स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिग कक्ष से कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत व अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र वर्चुअली जुड़े थे। इसके अलावा एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, नगर निगम कमिश्नर नीलेश दुबे, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास प्रतिभा पाण्डेय, डीई एमपीईबी मुकेश महोबे, जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मुख्यमंत्री के समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े थे। साथ ही समाधान ऑनलाईन में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के संबंध में चयनित शिकायत के हितग्राही वार्ड 45 रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड निवासी जावेद अफ्तार पिता मोहम्मद हाशिम भी मौजूद रहे।

---

**प्रशिक्षण के बाद जैविक खाद और दवाईयां तैयार करने के बाद शुरू की खेती**

# जैविक सब्जी उत्पादन से आर्थिक स्थिति हुई मजबूत, औरों के लिए बनी प्रेरणा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**





ढीमरखेड़ा ब्लॉक के बांध गाँव की महिला किसान, आशा बाई का पाँच सदस्यों का परिवार खेती और मजदूरी पर निर्भर था। उनके पास तीन एकड़ ज़मीन थी, जिस पर वे पहले रासायनिक खेती करती थीं। इस खेती में लागत बहुत ज्यादा आती थी, और उत्पादन का सही दाम नहीं मिल पाता था, जिस कारण उनकी आर्थिक स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हो रहा था।

### बदलाव की शुरुआत

आशा बाई की ज़िंदगी में असली मोड़ तब आया जब उनकी मुलाक़ात मानव जीवन विकास समिति की कार्यकर्ता अदिति वैष्णव से हुई। अदिति ने उन्हें जैविक खेती, जैविक खाद और दवाइयाँ बनाने के बारे में जानकारी दी और प्रशिक्षण में शामिल करवाया। समिति ने उन्हें सब्जी उगाने में मदद भी दी।

मानव जीवन विकास समिति ने आशा बाई को आधा एकड़ ज़मीन के लिए 150 बैंगन, 150 टमाटर, और 150 मिर्च के पौधे दिए। साथ ही, जैविक खाद बनाने के लिए वर्मी बेड और जरूरी चीजें भी उपलब्ध करवाईं। समिति ने उन्हें जैविक खाद और दवाइयाँ तैयार करने की विधि के साथ-साथ सब्जी लगाने का तरीका भी सिखाया।

### सफलता की ओर कदम

आशा बाई ने पूरी लगन से काम किया और जैविक तकनीक का इस्तेमाल करके बैंगन और टमाटर की फसल तैयार की। उन्होंने अपनी फसलों में किसी भी तरह के रासायनिक कीटनाशकों या खादों का उपयोग नहीं किया, जिससे उनकी सब्ज़ियाँ सेहतमंद और स्वादिष्ट पैदा हुईं। जब फसल तैयार हुई, तो आशा बाई ने अपने गाँव और आस-पास के बाज़ारों में अपनी सब्ज़ियाँ बेचीं। उन्हें इस काम में अच्छा मुनाफा मिला, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार आया। उन्होंने कुल 35 हजार रुपये की सब्ज़ियाँ बेचीं, जिसमें से 10 हजार रुपये की लागत काटकर उन्हें 25 हजार का शुद्ध मुनाफा हुआ।

आशा बाई अपनी इस कामयाबी के लिए मानव जीवन विकास समिति के सचिव एवं पर्यावरणविद् निर्भय सिंह को धन्यवाद देती हैं। आशा बाई और उनका परिवार इस बदलाव से बहुत खुश है। उनकी सास भी गाँव में घूम-घूमकर सब्ज़ियाँ बेचती हैं। आशा बाई की सफलता को देखकर गाँव की दूसरी महिलाएँ भी प्रेरित हुईं। उन्होंने भी अब सब्जी बेचना और जैविक खाद व दवाइयाँ बनाना शुरू कर दिया है।

---

# बरगवां ब्रिज से कटाएघाट मोड़ तक सीवरेज प्रोजेक्ट का काम फिर शुरू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**

अमृत 1.0 मिशन के तहत कटनी में सीवरेज लाइन बिछाने का काम फिर से शुरू हो गया है। बरगवां ब्रिज से कटाएघाट मोड़ तक चल रहे इस प्रोजेक्ट को वर्षाकाल में जलभराव की संभावना के चलते पहले रोक दिया गया था। हालांकि, संबंधित एजेंसी और ठेकेदार द्वारा काम को समय सीमा में पूरा करने का आश्वासन दिए जाने के बाद, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने काम फिर से शुरू करने का आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के द्वारा सड़क पर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने और नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अंतर्गत बरगवां रोड निर्माण एवं सीवर लाईन कार्य के दौरान कार्यस्थल के दोनों ओर नगर निगम के स्थाई कर्मचारी (रेडियम जैकेट पहनकर) मौजूद रहेंगे। साथ ही, ₹कार्य प्रगति पर है₹ और ₹डायवर्सन मार्ग₹ जैसे बैनर और पोस्टर लगाए जाएंगे। सड़क पर लगे हाथ ठेलों और दुकानों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया जाएगा ताकि काम के दौरान यातायात बाधित न हो।

काम के दौरान दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मिलने वाली नो-एंट्री में छूट पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। इस मार्ग पर किसी भी प्रकार के भारी वाहन का प्रवेश वर्जित होगा। जबलपुर से आने-जाने वाली बसें अब बायपास से होकर गुजरेंगी। ये बसें पीरबाबा बायपास से इंदिरा नगर बायपास होते हुए बस स्टैंड तक आ-जा सकेंगी। काम के लिए इस्तेमाल होने वाले वाहन (जैसे ट्रैक्टर, डंपर) ही इस मार्ग पर आ-जा सकेंगे। अनुविभागी अधिकारी ने कार्य शीघ्र पूर्ण करने निर्देश दिए हैं।

खबर संक्षेप

## कामताना से मोटर साइकल हुई चोरी, मामला दर्ज

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम कामताना में छह सितंबर कि दरमियानी रात्रि एक मोटर बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है घटना के विषय में ज्ञात हुआ है निवासी बाबादिन लोधी पिता जोहारिया लोधी उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम कामताना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरी मोटर साइकिल हीरो होंडा स्प्लेंडर घर के बाजू से रखी थी जिसका नंबर एमपी 35 एम एच 0654 जिसको अज्ञात चोर 6 सितंबर की रात्रि में चुरा कर ले गया है सुबह घर के सदस्य जागे तब बारी में खड़ी मोटर साइकिल नहीं दिखी आसपास तलाश की तो कोई जानकारी नहीं लगे फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज मे अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## बम्हौरी गुंजी में शासकीय भूमि पर दोबारा कब्जा

**बनवार।** जनपद पंचायत दमोह की ग्राम पंचायत बम्हौरी गुंजी में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने का मामला फिर से सुर्खियों में आ गया है। पंचायत सरपंच श्रीमती कौशिल्या लोधी ने कलेक्टर दमोह को ज्ञापन देकर कब्जा हटाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार बम्हौरी गुंजी के हल्का नंबर 0052 की शासकीय भूमि खसरा नंबर 1040, 1044 और 1046 कुल रकबा 0.06 हेक्टेयर से बीते 28 मई को राजस्व अमले ने कार्रवाई करते हुए कब्जा हटाया था। लेकिन 24 जून को दमोह निवासी खूबचंद पिता दोलतचंद ने पुनः उसी भूमि पर कब्जा कर लिया। पंचायत ने कलेक्टर से मांग की है कि तत्काल कब्जा हटवाकर दोषियों पर स्थायी कार्यवाही की जाए। आवेदन के साथ स्थल पंचनामा और तहसीलदार का आदेश पत्र भी संलग्न किया गया है।

### कन्या छात्रावास में जागरूकता शिविर सह वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

# छात्र जीवन में अनुशासन का पालन आवश्यकः प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह की उपस्थिति में 08 सितम्बर को पोस्ट मेट्रिक पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास दमोह में विधिक जागरूकता शिविर सह वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, छात्रावास अधीक्षक कलावती सिंह ठाकुर एवं छात्रायें उपस्थित थी।

प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश सुभाष सोलंकी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपराध से बचने का सबसे सरल तरीका सर्तकता है आप अपने अधिकारों को जाने ताकि कोई भी व्यक्ति आपका शोषण न कर सके, अपने छात्र जीवन में अनुशासन का महत्व रेखांकित करते हुए अनेक उदाहरणो के माध्यम से छात्राओं को अनुशासन में रहने की नसीहत दी उसके लाभ से भी अवगत कराया साथ ही आपने छात्राओं को अपना पूर्ण ध्यान पढ़ाई पर केद्रित कर लक्ष्य को पूर्ण मनोयोग से प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुये संविधान में उल्लेखित मूल अधिकार एवं मूल कर्तव्य विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अधिकार एवं कर्तव्य एक दूसरे के पूरक है कर्तव्य के बिना अधिकारों की कल्पना करना बेईमानी है आपने बताया कोई लड़का आपका पीछा करे अथवा बार-बार कॉल कर या मेसेज कर परेशान करे तो अपने छात्रावास अधीक्षिका को सूचना देकर अपराध की रिपोर्ट दर्ज कराये ताकि अपराधी को दण्ड दिलाया जा सके।

कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश द्वारा छात्राओं के साथ छात्रावास परिसर में पौधारोपण किया गया तथा छात्राओं को रोपित पौधो की देखभाल किये जाने हेतु कहा गया।

## उत्कृष्ट विद्यालय का हुआ औचक निरीक्षण



**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को को प्रातः 11 बजे डॉ. आशुतोष गोस्वामी, दमोह जिला प्रभारी एवं सहायक संचालक, कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, सागर संभाग सागर द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शाला की शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया गया तथा विषयवार शिक्षकों से संवाद कर शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर डॉ. गोस्वामी द्वारा समस्त शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मेधावी छात्रों की पहचान कर उनके लिए विशेष रणनीतियाँ अपनाने पर बल दिया। निरीक्षण के पश्चात ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में अशोक वृक्ष का पौधरोपण किया गया। डॉ. गोस्वामी ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि ₹पेड़ केवल लगाए ही नहीं जाएं, बल्कि उनकी देखभाल परिवार के सदस्य की तरह करना हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रघुराज सिंह ठाकुर, परशुराम सिंह लोधी, एस. के. सरैया, राकेश तिवारी, संस्था लिपिक संजय रायकवार भारत यादव, एच एस. ठाकुर, भरत यादव एवं संपूर्ण विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## मुख्यमंत्री के नाम विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा



**पथरिया।** आजाद भारत पार्टी द्वारा प्रदेश की जनता की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम पथरिया को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें गोचर भूमि पर अवैध कब्जा,वनों की कटाई, कीटनाशक दवाइयां से होने वाली बीमारी एवं तेज गति से वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्यवाही कि जा जिससे एक्सीडेंट होने से बचाव हो सकें। इस अवसर पर पार्टी संयोजक रामरतन यादव, महासचिव सगीर खान, प्रवक्ता धीरज प्रसाद बौद्ध, सीताराम अहिरवार,सरला पंडित, सलाहकार समिति अध्यक्ष छोटे लाल अहिरवार,धर्म सिंह एडवोकेट,कमल बंसल एवं मोहन यादव की उपस्थिति रही।

## लगातार 14 वर्ष 1111 सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



**दमोह।** शहर के फुटेरा वार्ड दो स्थित वर्ल्ड बॉस हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष पितृपक्ष व महाराजा अग्रसेन जयंती पर्व के पूर्व सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाता है जिनकी संख्या निर्धारित 1111 से हर वर्ष अधिक हो जाती है प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 14 वर्ष में पंडित बृजेश पाठक गोपाल छोटू के सानिध्य में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन फुटेरा वार्ड स्थित दक्षिण मुखी वर्ल्ड बॉस हनुमान मंदिर में किया गया। वर्ल्ड बॉस हनुमत सेवा समिति व अग्रवाल जन जागरण समिति के कपिल अग्रवाल विकास अग्रवाल के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी निश्चित संख्या से अधिक संख्या में पाठ ठीक 11 बजे पूर्ण हो गए इसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रहीं। भक्तों में मुख्य रूप से लखनलाल अनिल, हिमांशु, अनमोल, लकी, गणेश अग्रवाल, दीपक छुट्टू, किशोरी लाल अग्रवाल, गया प्रसाद साहू, श्रीनाथ अग्रवाल, विद्यावती यादव, निधि श्रीवास्तव, नीरज अग्रवाल, प्रथमेश श्याम, अनमोल, सतीश अग्रवाल, विनोद चौबे, कृष्णकांत अग्रवाल, पवन अग्रवाल, प्यारेलाल पटेल, हिमांशु अग्रवाल, गोलू अग्रवाल, मुकुल नामदेव, गौरी अग्रवाल, कृष्ण कुमार मिश्रा, ओमप्रकाश अग्रवाल, जीवनलाल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, रामलाल अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, रामजी अग्रवाल, अशोक साहू, नीलेश असाटी, सक्षम अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल मुकेश ठाकुर अंकित अग्रवाल राजेंद्र सोनी अनिमेष अग्रवाल अमित अग्रवाल अंशुल शुभम छोटू हर्ष खटीक राजकुमार अग्रवाल संकेत अग्रवाल सतीश सेन शुभम अग्रवाल सिद्धार्थ नामदेव रंचित अग्रवाल रम्मा अग्रवाल अमित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही

## भाजपा जिला कार्यकारिणी में पथरिया से किसी को नहीं मिली जगह

**पथरिया।** विधानसभा क्षेत्र पथरिया अंतर्गत भाजपा संगठन द्वारा 6 मंडल बनाए हुए हैं जिसमें पथरिया ब्लाक से पथरिया नगर/ग्रामीण/ नरसिंहगढ़,सदगुवां व तहसील बटियागढ़ से बटियागढ़ व फतेहपुर मंडल है विगत दिनों भाजपा जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें इस बार पथरिया नगर/ग्रामीण/नरसिंहगढ़ से किसी भी कार्यकताओं को जगह नही मिली जो चर्चा का विषय बना रहा। नवनिर्वाचित सूची में सदगुवां मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष को जिला महामंत्री, बटियागढ़ के पूर्व मंडल अध्यक्ष कपिल शुक्ला जिला मंत्री व फतेहपुर मंडल से करण सिंह लोधी उपाध्यक्ष व सिमरन जैन जिला सह मीडिया प्रभारी बनाए गए वही जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल का पैतृक गांव बोतराई है हालांकि निवास दमोह में ही बनाए हुए हैं। कई कार्यकर्ता अपने अपने दावे लगा रहें थे लेकिन सूची जारी होते ही सब के दावे धरे के धरें रह गये जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

## उप स्वास्थ्य केंद्र बनवार को दिया ऑक्सीजन कंसंट्रेटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले की जबेरा जनपद अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र बनवार में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में सराहनीय पहल की गई है। विधायक एवं मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के निर्देशन में उनके अनुज नीतेन्द्र सिंह द्वारा केंद्र को ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भेंट किया गया। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि ऑक्सीजन कंसंट्रेटर एक आधुनिक उपकरण है, जो वायुमंडलीय हवा से शुद्ध ऑक्सीजन अलग कर मरीजों तक पहुँचाता है। यह विशेष रूप से उन मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होता है जो श्वसन संबंधी बीमारियों जैसे अस्थमा, सीओपीडी अथवा अन्य गंभीर समस्याओं से जूझ रहे होते हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब आपातकालीन स्थिति में मरीजों को तत्काल राहत मिल सकेगी। ग्रामीणों ने इसे स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जीवन रक्षक सुविधा बताते हुए मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी और उनके परिवार का आभार व्यक्त किया। मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना है। "ग्रामीणों को बेहतर इलाज और समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराना ही हमारा उद्देश्य है। इस तरह के उपकरणों से निश्चित ही मरीजों को राहत मिलेगी।

## श्राद्ध कर्म में ब्राह्मण भोजन एवं पंचबलि कर्म अनिवार्य है इसके बिना श्राद्ध अधूरा : पं. रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय जटाशंकर मंदिर परिसर में पितरों के निमित्त चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने कहा कि अगर आप अपने घर में पितृ श्राद्ध कर रहे हैं तो पंचबलि कर्म एवं ब्राह्मण भोजन कराना अनिवार्य है इसके बिना श्राद्ध कर्म अधूरा माना जाता है श्रीमद् भागवत का मूल पाठ शिव महापुराण का मूल पाठ श्रीमद् देवी भागवत का मूल पाठ विष्णु सहस्रनाम गोपाल सहस्रनाम आदि के पाठ से पितृ प्रसन्न होते हैं इसके बिना श्राद्ध अधूरा रहता है और पितृ संतुष्ट नहीं होते पंचबलि से पितर प्रसन्न होते हैं और परिवार को आशीर्वाद देते हैं, जिससे घर में सुख-शांति बनी रहती है पंचबलि कर्म और ब्राह्मण को भोजन कराने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है और वे प्रसन्न होकर परिवार को आशीर्वाद देते हैं पितरों का आशीर्वाद प्राप्त करने से पितृ दोषों से मुक्ति मिलती है यह पूरा कार्य श्रद्धापूर्वक किया जाता है जिससे पितरों को शांति और आशीर्वाद मिलता है पद्मपुराणमें आया है कि प्राचीन कालमें भगवान श्रीराम जब भगवती सीता तथा लक्ष्मणके साथ चित्रकूटसे चलकर महर्षि अत्रिके आश्रमपर पहुँचे तब उन्होंने मुनिश्रेष्ठ अत्रिसे पूछा महामुने इस पृथ्वीपर कौन कौनसे पुण्यमय तीर्थ हैं जहाँ जाकर मनुष्यको अपने बन्धुओंके वियोगका दुःख नहीं उठाना पड़ता और वहाँका श्राद्धादि कर्म पितरोंकी सद्गतिमें हेतु बनता है भगवन यदि कोई ऐसा स्थान हो तो कृपा करके वह मुझे बताइये मुनिवर अत्रि बोले वत्स राम आपने बड़ा उत्तम प्रश्न किया है मेरे पिता ब्रह्माजीद्वारा निर्मित एक उत्तम तीर्थ है जो पुष्करके नामसे विख्यात है वहाँ जाकर आप अपने पितरों दशरथ आदिको श्राद्धादि पिण्डदानसे तृप्त करें वहाँ पिण्डदान करनेसे पितरोंकी मुक्ति हो जाती है यह सुनकर रामजी बड़े प्रसन्न हुए उन्होंने पुष्कर जानेका मन बनाया वे ऋक्षवान पर्वत तथा चर्मण्वतीको पारकर यज्ञपर्वत गये वहाँसे मध्यम पुष्कर गये वहाँ स्नान करके उन्होंने देवताओं तथा पितरोंका तर्पण किया उसी समय मुनिश्रेष्ठ मार्कण्डेयजी अपने शिष्योंके साथ वहाँ आये भगवान्ने महामुनिको प्रणाम किया और कहा मुने मैं महर्षि अत्रिकी आज्ञासे यहाँ अवियोगा तीर्थमें पितरोंका श्राद्ध करने उपस्थित हुआ हूँ मार्कण्डेयजीने कहा- रघुनन्दन आप बड़ा ही पुण्यकार्य करने जा रहे हैं आप यहाँ राजा दशरथका श्राद्ध कीजिये हम सभी विप्रगण श्राद्धमें उपस्थित रहेंगे श्रीरघुनाथजीसे ऐसा कहकर वे सभी ऋषि स्नानके लिये चले गये इधर श्रीरामजीने लक्ष्मणजीको श्राद्धकी सामग्री एकत्रित करनेके लिये कहा श्रीलक्ष्मणजी जंगलसे अच्छे-अच्छे फलोंको ले आये श्रीजानकीजीने भोजन बनाया श्रीरामजी अवियोगा नामकी बावलीमें स्नानकर मुनियोंके आनेकी प्रतीक्षा करने लगे दुपहरीमें जब कुतप वेला दिनमें११रू*६ से १२रू२४ तक का समय आयी, उसी समय ऋषिगण उपस्थित हो गये मुनियोंको आया देख सीतामाता वहाँसे हट गयीं और झाड़ियोंके पीछे हो गयीं श्रीरामचन्द्रजी विधिपूर्वक श्राद्धमें ब्राह्मणोंको भोजन कराने लगे श्राद्धकी प्रक्रिया पूर्ण करके ब्राह्मणोंके विसर्जनके अनन्तर श्रीरामजीने देवी सीतासे पूछा प्रिये यहाँ आये मुनियोंको देखकर तुम छिप क्यों गयी सीताजी बोलीं नाथ मैंने जो आश्चर्य देखा उसे बताती हूँ, सुनिये आपके द्वारा नाम-गोत्रका उच्चारण होते ही स्वर्गीय महाराज यहाँ आकर उपस्थित हो गये उनके साथ उन्हींके समान रूप रेखावाले दो पुरुष और आये थे जो सब प्रकारके आभूषण धारण किये हुए थे वे तीनों ही ब्राह्मणोंके शरीरसे सटे हुए थे। प्रभो ब्राह्मणोंके अंगोंमें मुझे पितरोंके दर्शन हुए उन्हें देखकर मैं लज्जाके मारे आपके पास से हट गयी इसीलिये आपने अकेले ही ब्राह्मणों को भोजन कराया और विधिपूर्वक श्राद्ध की क्रिया भी सम्पन्न की भला मैं स्वर्गीय महाराज के सामने कैसे खड़ी होती यह मैंने आपसे सच्ची बात बतायी है यह सुनकर श्रीरामजी तथा लक्ष्मणजी को बड़ी प्रसन्नता हुई।

## राष्ट्रभाषा प्रचार समिति ने आयोजित की छात्र प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिताएं



दमोह. म.प्र.राष्ट्रभाषा प्रचार समिति भोपाल इकाई दमोह के तत्वावधान मे छात्र प्रतिभा प्रतियोगिताएं एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर .उ.मा . विद्यालय मे आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि साहित्यकार,संगीतकार. श्याम सुंदर शुक्ला, अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा चिले राजीव तिवारी ने सरस्वती पूजन किया । जिला संयोजक डॉ प्रेमलता नीलम ने बताया कि राष्ट्रभाषा प्रचार समिति म.प्र. के सभी जिलों मे छात्र प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता आयोजित होती है । समिति का उद्देश्य युवा पीढी को हिंदी भाषा शिक्षा ,साहित्य. लोक-संस्कृति से जोड़कर .बालक -बालिकाओं का भविष्य उज्जवल बनाना है इस दौरान चित्रांकन से शब्दांकन प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान ओम कुररिया नव जाग्रति विद्यालय द्वितीय स्थान शुभम रजक मिशन हार्दिक.सेकंडरी स्कूल तृतीय स्थान हर्षिता सिंह परिहार पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय। भाषण मे प्रथम स्थान अनुष्का दिहलानी पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय द्वितीय आदित्य गुप्ता संदिपनी मॉडल विद्यालय तृतीय स्थान सरस्वती पटेल ईफए शास.जे पी बी स्कूल काव्य पाठ मे प्रथम स्थान शिवानी तिवारी संदिपनी मॉडल विद्यालय, द्वितीय स्थान शांभवि शर्मा, तृतीय स्थान शिवम पटेल विद्या विहार सरस्वती केशव नगर लोकगीत मे प्रथम स्थान कावेरी चढ़ार.सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय, द्वितीय स्थान अनामित्रा खरे पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय तृतीय स्थान प्रीति खंगार शास.नवीन पांडेय क,उ,मा, विद्यालय ।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्याम सुंदर शुक्ला ने कहा हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा मिलना बहुत आवश्यक है अध्यक्ष पुष्पा चिले ने कहा इन प्रतियोगिताओं से बालक - बालिकाएं ज्ञानवान बनते हैं प्राचार्य राजीव तिवारी ने कहा बच्चो का भविष्य उज्जवल होता है ।इसके लिए मंत्री, कैलाश चंद्र पंत, राज्य संयोजक जया केतकी शर्मा समिति सदस्य राष्ट्र भाषा के लिए अग्रसर हैं कार्यक्रम मे सारस्वत अतिथि ओजेंद्र तिवारी पिम्मी परिहार. रमेश तिवारी पदमा तिवारी करूणा खरे उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन अंतरराष्ट्रीय कवयित्री जिला संयोजक डॉ प्रेमलता नीलम ने किया एवं आभार नरेंद्र शर्मा ने किया ।

# पितृपक्ष में विधि-विधान से चल रहा तर्पण



**तेंदूखेड़ा।** हिन्दू पंचांग के अनुसार श्राद्ध पक्ष (पितृपक्ष) का पावन समय इन दिनों पूरे श्रद्धा और विधि-विधान के साथ मनाया जा रहा है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालु अपने पितरों की स्मृति में तर्पण, पिंडदान, ब्राह्मण भोजन एवं दान-पुण्य जैसे धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं। हर वर्ष भाद्रपद पूर्णिमा से प्रारंभ होकर अमावस्या तक चलने वाले इस विशेष पक्ष में लोग अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धापूर्वक श्राद्ध करते हैं। पुरखों के निमित्त तर्पण करना, गायों को भोजन कराना, ब्राह्मणों को भोजन व वस्त्र दान देना आदि कार्य धर्म परंपरा का हिस्सा हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि पितृपक्ष के दौरान किए गए ये कर्म उनके पूर्वजों को संतुष्ट करते हैं और आशीर्वाद स्वरूप परिवार में सुख, समृद्धि और शांति प्रदान करते हैं। इस अवसर पर गंगा, नर्मदा, क्षिप्रा व अन्य पवित्र नदियों के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है।

# बिरसा मुंडा जयंती तेजगढ़ में मनाने पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



जय आदिवासी युवा शक्ति जयस तेंदूखेड़ा एवं तेजगढ़ की संयुक्त बैठक रेस्ट हाउस में आयोजित की गई जिसमें जयस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर बैठक को सफल बनाएं जयस की नवीन कार्यकारिणी में स्थान पाने वाले क्रांतिकारी साथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर बिंदु वार विस्तार से चर्चा की गई साथ ही आगामी कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बनाई गई। आगामी कार्यक्रम धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती का तेजगढ़ में आयोजित करनी हेतु सहमति बनी। जिसमें उपस्थित वरिष्ठ बुद्धिजीवी द्वारा बताया गया कि अन्य क्षेत्रों में निरंतर कार्यक्रम हो रहे ।हैं लेकिन तेजगढ़ में बहुत कम कार्यक्रम आयोजित होते हैं इसलिए इस बार भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती का कार्यक्रम तेजगढ़ में आयोजित होगा जिसमें सर्व आदिवासी समाज तथा एससी एसटी ओबीसी संयुक्त रूप से कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराएगा। जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जयस निरंतर नौजवानों की आवाज को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहा है। इस बदलाव के दौर में नौजवान युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए हम सभी को एक होकर संवैधानिक अधिकारों को लेकर अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए उन्होंने कहा कि निरंतर कार्यक्रम क्षेत्र में आयोजित हो रहे हैं जिसमें आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है इसलिए समय की नजाकत को समझते हुए हम सभी को एक होने की आवश्यकता है ताकि हमारे लोगों को आसानी से अपनी हक अधिकार मिल सके आगामी कार्यक्रम भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती का तेजगढ़ में आयोजित हो रहा है इसके प्रचार प्रसार हेतु आप सभी लोग कार्य करें जिससे भगवान बिरसा मुंडा जी के संघर्ष को लोग आसानी से जान सके इस अवसर पर गिरधारी परस्ते जिला उपाध्यक्ष,दान सींग अध्यक्ष,राहुल पोर्ते, मर्दन सिंह, मुकेश ऐडारी,डेलन धुर्वे, घनश्याम सिंह, देवेन्द्र कुलस्ते,दौलत,अमर सींग, पंचम, जवाहर, सोनू,कमल, गोलू पोर्ते,लखन धुर्वे, मुन्ना सींग, संदीप सरराम, वसंत सोयाम, ववलू परस्ते ,रामकेश सहित वड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं जयस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टीकाकरण सत्र का लिया जायजा



**दमोह।** अधिकारी हटा राकेश सिंह मरकाम ने आदिवासी अंचल के दमोतीपुरा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण सत्र, BHND का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों से संवाद कर बच्चों, महिलाओ और हितग्राहियों से आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओ, मध्यान्ह भोजन आदि के विषय मे जानकारी ली। इस दौरान परियोजना अधिकारी हटा शिव राय विशेष रूप से मौजूद रहे। एसडीएम हटा श्री मरकाम ने टीकाकरण कार्य कर रहे स्वास्थ्य अमले से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते हुए कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान पोषण माह के तहत जारी कार्यक्रमों का भी अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यहां स्कूल का निरीक्षण कर शेक्षणिक व्यवस्थाओ का भी जायजा लिया और शिक्षकों से चर्चा की। भवन के सम्बंध में हटा बी आर सी से दूरभाष पर चर्चा कर भवन मरम्मत के निर्देश हटा एसडीएम ने दिए।

## जागरूकता शिविर में दी गई जानकारी



**दमोह ।** वन स्टॉप सेन्टर द्वारा उद्यमिता विकास केन्द्र (सैडमैप) दमोह मे जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। संकल्प फॉर हब एम्पॉवरमेन्ट ऑफ वुमेन अन्तर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जयवंत सिंह वर्मा के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेन्टर के स्टॉफ द्वारा एक छत के नीचे दी जा रही सेवाओं मनोवैज्ञानिक परामर्श, स्वास्थ्य, पुलिस, विधिक, आश्रय सुविधा के बारे में अवगत कराया गया। बाल अधिकारो, बाल संरक्षण, किशोर सशसक्तिकरण, जेंडर पॉक्सो एक्ट-2012 एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, महिला सहायता योजना, हेल्पलाईन नंबर 181, 112, साईबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930, चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर1098 के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप

### 191 आवेदनों पर हुई सुनवाई

दमोह। प्रभारी कलेक्टर मीना मसराम ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 191 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 38 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 19 आधार कार्ड, 04 आयुष्मान कार्ड, 01 ई-श्रमकार्ड, 01 ब्लॅड डोनेट, सिक्के वितरण, जिला व्यापार, पशुपालन, समग्र सहित अन्य स्टॉलों से आमजनों ने लाभ प्राप्त किया। इसी तरह अन्य आवेदकों ने अपनी बात व समस्याएं रखी। इसी प्रकार कुछ सामुहिक आवेदन भी दिये गये। इस दौरान सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, डिप्टी कलेक्टर श्री गोस्वामी, डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। 25 पंचायतों में जनसुनवाई के क्रम में कुल 47 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 41 निराकृत एवं 06 आवेदन लंबित हैं। इसमें पतलौनी, अभाना, लुहारी सहित चिन्हित 25 जनपद पंचायत स्तर पर जन सुनवाई की गई।

### पुराने पुल के बाजू से बना नया पुल अभी तक नहीं हुआ चालू

# गैसाबाद पुल बंद होने से लोगों को आवागमन में हो रही भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद



दमोह पन्ना की सीमा रेखा को जोड़ने वाला ग्राम गैसाबाद में व्यारमा नदी पर बना करीबन 50 वर्ष पुराने पुल को जिला प्रशासन द्वारा एक माह पूर्व यह तर्क देकर बंद कर दिया गया था कि पुल क्षतिग्रस्त है, इसलिए इस पुल को आवागमन के लिए तत्काल बंद किया जाता है। अचानक पुल बंद होने से लोगों को परेशानी होना तो स्वाभाविक है। सुरक्षा की दृष्टि से शासन का तर्क भी ठीक है। लेकिन शासन को यह भी चाहिए कि लोगों के आवागमन के लिए कोई विकल्प तैयार किया जाए। बड़े वाहनों को छोड़कर कम से कम छोटे वाहनों टू व्हीलर फोर व्हीलर के लिए तो कोई व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके। इस विषय पर ग्राम के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा कलेक्टर महोदय से मिलकर ज्ञापन भी दिया गया था। स्थानीय विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक ने भी पुल का निरीक्षण कर दूरसंचार के माध्यम से जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से बात करके छोटे वाहनों के निकलने की व्यवस्था किए जाने की बात की थी, जिस पर कलेक्टर महोदय द्वारा कहा गया था कि शीघ्र ही सागर की टीम को भेज कर पुल की जांच कराई जाएगी। लेकिन एक माह का समय गुजर जाने के बाद भी आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। पुल बंद होने के कारण यात्रियों को 40 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। बस संचालकों को भी अतिरिक्त चक्कर एवं सड़क खराब होने के कारण आर्थिक हानि का सामना करना पड़ रहा है। बस में यात्रा करने वाले यात्रियों से हमारे हरिभूमि संवाददाता ने बात की तो यात्रियों ने बताया कि मुझे सिमरिया जाना है सिमरिया की दूरी गैसाबाद से मात्र 10 किलोमीटर की है लेकिन पुल बंद होने के कारण हम लोगों को नकटी कचनारी खमरगोर सुनवानी जैसे अन्य गांव से होते हुए 40 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर सिमरिया पहुंचना पड़ रहा है जिससे हम लोगों की समय और पैसा दोनों चीज की बर्बादी हो रही है।

स्थानीय लोग बताते हैं कि सरकार द्वारा पुराने पुल के बगल से नये पुल का निर्माण भी करा दिया गया है, पुल बनकर तैयार है लेकिन उसे सिमरिया साइट की रोड से नहीं जोड़ा गया है। यादि शासन की मंशा होती तो एक माह में मिट्टी मोरम डालकर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत फिलहाल नये पुल से काम चलाया जा सकता था। गौरतलब है करीबन 50 वर्ष पूर्व पुल का उद्घाटन मध्य प्रदेश शासन के पूर्व उद्योग मंत्री स्वर्गीय जुगल किशोर बजाज जी द्वारा किया गया था।। बुजुर्ग लोग बताते हैं कि उस जब पुल का निर्माण हो रहा था तो ग्राम के मालगुजार परिवार के जेष्ठ पुत्र बृजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव पीडब्ल्यूडी विभाग में टाइमकीपर (बड़े बाबू)के रूप में कार्यरत थे। कुछ बुजुर्ग लोग तो यहां तक कहते हैं कि पुराना पुल बहुत मजबूत है पता नहीं सरकार ने इसे क्यों बंद कर दिया। ग्रामीण जनों ने शासन एवं प्रशासन से आवागमन को सुचारू रूप से संचालित किए जाने की मांग की है।

## रजिस्ट्री के दौरान भूमि की चतुर्सीमा में फेरबदल कर स्टाम्प शुल्क चोरी पर ईओडब्लू में अपराध पंजीबद्ध

**दमोह।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ(ई.ओ.डब्ल्यू. सागर में आवेदक अजीत अग्रवाल, निवासी दमोह द्वार आरोपीगणों के विरूद्ध रजिस्ट्री करते समय चतुर्सीमा में फेरबदल कर स्टाम्प शुल्क चोरी की शिकायत की गई थी।शिकायत आवेदन पत्र की जांच में 3,19,739/-रु. की स्टाम्प शुल्क चोरी के लिए रजिस्ट्री में भूमि की चतुर्सीमा में फेरबदल करना पाये जाने से ईओडब्ल्यू द्वारा आरोपीगणों के विरूद्ध दोनो क्रेता विक्रेता सहित उल्लास नाखरे तत्कालीन उप पंजीयक दमोहए वं अन्य के विरूद्ध अपराध धारा 420, 468, 471, 120 (बी) भा.द.वि, 7 (सी) भ्र.नि.अ. 1988 संशोधित 2018 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना के दौरान अन्य व्यक्तियों की भूमिका सामने आने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। ई.ओ.डब्ल्यू द्वारा की गई जांच में पाया गया कि लखन लाल पटैल निवासी दमोह ने वर्ष 2018 में 0.71 हेक्टेयर भूमि 57,73,500/-रुपये में क्रय की थी। उसी भूमि को वर्ष 2020 में लखन लाल पटैल द्वारा 27,93,200/- रुपये में जगजीत सिंह को बेचा गया । जगजीत सिंह और लखन लाल पटैल ने तत्कालीन उप पंजीयक उल्लास नाखरे के साथ मिलकर वर्ष 2020 में भूमि को क्रय-विक्रय करते समय रजिस्ट्री में भूमि की चतुर्सीमा में बायपास रोड़ को ना दिखाते हुए जगजीत सिंह की भूमि को दर्शाकर स्टाम्प शुल्क में 3,19,739/- रुपये की चोरी की गई थी। इस प्रकार स्टाम्प शुल्क में अवैध लाभ प्राप्त करने लिए रजिस्ट्री के दौरान जानबूझकर भूमि की दिशाओं में फेरबदल कर भूमि को मुख्य मार्ग के स्थान पर आतंरिक भाग में दर्शाया गया। वर्ष 2018 में लखन लाल पटैल द्वारा उक्त भूमि क्रय करते समय रजिस्ट्रीएवं 2020 में जगजीत सिंह द्वारा वही भूमि क्रय करते समय रजिस्ट्री तत्कालीन उपपंजीयक उल्लास नाखरे द्वारा ही की गई थी। इस प्रकार तत्कालीन उप पंजीयक दमोह उल्लास नाखरे व क्रेता विक्रेता तीनों को वास्तविक दिशाओं का संज्ञान होने के बाद भी उनके द्वारा आपराधिक षड्यंत्र कर रजिस्ट्री में दिशाओं का फेरबदल कर शासन को स्टाम्प शुल्क में क्षति कारित की गई।

## पांच वर्ष बाद पथरिया को पुनः विंध्याचल एक्सप्रेस का स्टापेज मिला

**पथरिया।** कोरोना काल में मार्च 2020 में रेल्वे प्रशासन द्वारा ट्रेनों के संचालन बंद कर दिया गया उसके बाद जब पुनः संचालन शुरू हुआ तो पथरिया स्टेशन पर जिन 6 ट्रेनों का स्टापेज था उनको बंद कर दिया। क्षेत्र की जनता द्वारा लगातार तत्कालीन सांसद प्रहलाद सिंह पटेल से मांग की गई तब 5 ट्रेनों का स्टापेज 3 वर्ष मिल गया लेकिन विंध्याचल एक्सप्रेस जिसका शुरु से पथरिया में स्टापेज था उसका नही हुआ जबकि बीना कटनी के बीच अन्य स्टेशन पर था,करीब 5 बाद अब पुनः पथरिया स्टेशन पर स्टापेज स्वीकृत किया गया है। जिसके लिए क्षेत्रीय सांसद का आम जनता ने आभार जताया वही जिन ट्रेनों की निरंतर वर्षों से मांग की जा रही है जबलपुर-अजमेर दयोदया एक्सप्रेस,अमृतसर- विशाखापटनम हीराकुंड एक्सप्रेस,जबलपुर-कटरा मां वैष्णो देवी एक्सप्रेस व अहमदाबाद-पटना एक्सप्रेस का स्टापेज पथरिया में स्वीकृत किया जाए। ताकि आमजन को यही से यात्रा करने की सुविधा उपलब्ध हो सकें।

## सुयश मोहन गुरू डिप्टी सोलीसिटर जनरल बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



भारत सरकार के विधि व न्याय विभाग के आदेश के द्वारा सुयश मोहन गुरू एडवोकेट को भारत सरकार के द्वारा डिप्टी सोलीसिटर जनरल नियुक्त किया गया हैं अब वे उच्च न्यायालय, न्यायाधीकरण एवं न्याय प्राधिकरणो में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेगें। यहां यह उल्लेखनीय है कि सुयश मोहन गुरू दमोह के विख्यात गुरू परिवार से है उनका जन्म व प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा दमोह में हुई थी, दमोह में जन्म लेने के पश्चात उन्होने दमोह के सेन्ट जॉन स्कूल सेन्ट्रल स्कूल, तथा नव जाग्रति स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा ली उसके उपरांत उन्होने पूना के सिम्बाइसिस कॉलेज से विधि स्नातक ऑनर्स की डिग्री प्राप्त की। डिग्री प्राप्त करने के पश्चात उन्होने प्रथमतः सर्वोच्चय न्यायालय नई दिल्ली तथा उसके पश्चात म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर में वकालत कर रहे हैं। विधि व न्याय के क्षेत्र में दमोह के गुरू परिवार का उल्लेखनीय योगदान रहा हैं सर्वप्रथम उनके परिवार में उनके पर दादा स्व.श्री प. कुन्जबिहारी लाल गुरू म.प्र. शासन के मंत्री रहने के पूर्व आजादी के पश्चात दमोह के प्रथम सरकारी वकील थे और वे लगभग 10 वर्षों तक विधायक बनने के पूर्व इस पद पर रहे, इसी कडी में उनके पिता चन्द्रमोहन गुरू लगभग 15 वर्षों तक म.प्र. शासन के सरकारी वकील रहे व इसके पश्चात उनके चाचा सचिन गुरू भी म.प्र. शासन के सरकारी वकील रहे हैं। सुयश मोहन गुरू न केवल दमोह वल्कि इस पूरे क्षेत्र के प्रथम अधिवक्ता हैं जिन्हे भारत सरकार के द्वारा डिप्टी सोलीसिटर जनरल जैसे बडे पद पर सुशोभित किया गया हैं व उनकी नियुक्ति से यह पूरा क्षेत्र अत्यन्त हर्षित व गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

## विभिन्न मांगों को लेकर ग्राम रोजगार सहायक, सहायक सचिव ने ज्ञापन सौंपा



**दमोह।** ग्राम रोजगार सहायक/सहायक सचिव के द्वारा 09 सितंबर 2025 में प्रदेश स्तर से लेकर जिले तक ज्ञापन सोपा गया जो आयुक्त भोपाल, जिला कलेक्टर नाम और जिला मुख्य कार्यपालन के नाम यापन दिया गया जिसमें लेटर क्रमांक पंचा/राज/एफ-6/ग्रा.पं/सचिव-724193/ 2025/ 16240 भोपाल दिनांक 04 सितंबर 2025 जहां पर सचिव अगर दो पंचायत के प्रभार में है तो ऐसी पंचायत में सहायक सचिव को ग्राम पंचायत का वित्तीय प्रभार दिया जाएगा तथा विगत 2 माह से वेतन भुगतान भी नहीं किया गया जिसको लेकर सहायक सचिव के परिवार पर आर्थिक संकट चल रहा है तथा इस स्थिति से निपटने के लिए जल्द से जल्द प्रदेश स्तर से भुगतान किया जाना चाहिए ऐसी मांगों को लेकर के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमें जाकर आगामी दो दिन के अंदर कोई भी आदेश नहीं किया जाता है आंदोलन तेज होगा और आगामी समय में हड़ताल पर भी जा सकते हैं । अपाचे ज्ञापन में उपस्थित समस्या साथी जिला अध्यक्ष वीर सिंह लोधी जिला उपाध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष तेंदूखेड़ा हनुमत सिंह ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष जबेरा राजेश सिंह ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष पथरिया सुनील तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष पटेरा रामबाबू मिश्रा अध्यक्ष हटा गणेश पटेल ब्लॉक अध्यक्ष दमोह हेमंत पटेल अश्विनी धर्मेंद्र तुलसी नरेंद्र कोमल राजेश रमेश नीरज जोगेंद्र योगेश कमलेश पटेल गणेश पटेल मनोज भूपेन्द्र किशुन पुष्पेंद्र रामकिशन दरवारी कमलेश सुधीर विनय संतोष महेंद्र मोहित केशरी सिंह परषोत्तम योगेंद्र भरत रमेश राघवेंद्र गौरव मथुरा मनोज आदि समस्त उपस्थित रहे।

## नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना लक्ष्य : श्याम शिवहरे

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में 'सेवा पखवाड़ा' को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। जिला प्रभारी सतानंद गौतम, जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, आदि मंचासीन रहे। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिला प्रभारी सतानंद गौतम ने कार्यकर्ताओं से समाज में जमीन व्यक्ति तक पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह पखवाड़ा केवल पार्टी का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसेवा का जनांदोलन है। भाजपा की विचारधारा राष्ट्रहित, सांस्कृतिक गौरव और जनसेवा पर आधारित है। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता तपोनिष्ठ और राष्ट्र सेवा के संकल्प से बने हैं। मध्यप्रदेश भाजपा की नर्सरी है और यहां से जीत का रथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल आयोजन नहीं, बल्कि जनता के बीच भरोसे का सेतु बनाने का अभियान है। हमें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर घर-घर पहुंचना है। नेताओं ने कहा कि सेवा पखवाड़े के माध्यम से जनता में विश्वास और भरोसा पैदा करना है। भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाकर जनता से संवाद करें और योजनाओं की जानकारी दें। यह पखवाड़ा ऐतिहासिक होगा और समाज को सेवा, संस्कार और विचारों की दृष्टि से जागृत करने का अवसर बनेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि पार्टी कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल आयोजन नहीं, बल्कि नए कार्यकर्ताओं का निर्माण और संगठन से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को सीमित दायरे से बाहर निकलकर नए लोगों को जोड़ना होगा। कार्यकर्ताओं को सीमित दायरे से बाहर निकलकर नए लोगों को जोड़ना होगा।

## शिक्षकों का किया सम्मान



**दमोह।** राष्ट्रपति पुरस्कार 2025 से सम्मानित श्रीमती शीला पटेल तथा राज्यपाल पुरस्कार 2025 से सम्मानित श्रीकांत पटेल एवं मोहन सिंह ने दमोह जिले का नाम समूचे भारत में गौरवान्वित किया है। इस उपलक्ष्य में प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ (पी एम यू एम शिक्षक संघ) दमोह द्वारा तीनों शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। संघ के जिला अध्यक्ष पवन खरे ने बताया कि सम्मानित शिक्षकों ने अपने दैनिक शैक्षिक कार्यों में सतत नवाचार अपनाकर शिक्षा को सहज एवं सरल बनाया। उनके प्रयासों से छात्रों में समझ विकसित हुई और अध्ययन कार्य में दक्षता आई। यह योगदान सराहनीय एवं अनुकरणीय है। इस अवसर पर संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष कैलाश असाटी, रमेश पटेल, रामरतन एवं नीतेश पालीवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## वही ज्ञान कल्याणकारी है जिससे आत्म जागृति हो

### करुणा, दया, क्षमा, धैर्यादि गुणों की प्राप्ति हो- विशुद्धसागरजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

विरागोदय तीर्थ क्षेत्र पथरिया में पट्टाचार्य विशुद्धसागर जी गुरुदेव ने सभा में सम्बोधन करते हुए कहा कि ज्ञान ही सुख का साधन है। ज्ञान के समान अन्य कोई उपकारी नहीं है। ज्ञान आत्मा का गुण है। शब्दों का ज्ञान होना ज्ञान नहीं है। जैन दर्शन में ज्ञान संज्ञा उसी की है जिससे तत्त्वों का बोध हो, चित्त का निरोध हो, जिससे आत्मा विशुद्ध हो । ज्ञान का उद्देश्य मात्र अक्षर-ज्ञान नहीं है,अपितु ज्ञान आत्म-कल्याण का हेतु बने और हो सके तो पर का पथ-प्रदर्शक बने। जिस जान से दुःखों से युक्ति हो, जिससे आत्मा के स्वभाव भूत शुद्ध स्वरूप का साक्षात्कार हो वही ज्ञान सम्यक-ज्ञान है। हे नरोत्तम! सम्यग्दर्शन के बिना ज्ञान नहीं ज्ञान के बिना चारित्र गुण नहीं और चारित्र के बिना निर्वाण नहीं। ज्ञान बिना सब शून्य है। क्रिया शून्य ज्ञान व्यर्थ है, अज्ञानी की क्रिया व्यर्थ है। वही ज्ञान कल्याणकारी है जिससे चारित्र की शुद्धि, आचरण की शुद्धि, आत्म जागृति हो वात्सल्य, करुणा, दया, क्षमा,धैर्यादि गुणों की प्राप्ति है। वही ज्ञान-ज्ञान है शेष अज्ञान है।

धीर, वीर, गंभीर, इंद्रियजयी, आचारवान, अनुशासनशील, विनेय, उत्साही, क्षमावान, सत्यप्रिय ही ज्ञान की प्राप्ति कर सकता है। क्रोधी, चुखलखोर संक्लेष करने वाला, इन्द्रिय लोलुपी, चारित्रहीन, विचार-विहीन, अनुशासन शून्य, मायावी मनुष्य समीचीन ज्ञान को प्राप्त नहीं कर सकता है। ज्ञान अमृत के समान है, अज्ञान विष है। ज्ञान प्रकाश है, अज्ञान अंधकार है। ज्ञान सुख का कारण है, अज्ञान ही दुःख है। ज्ञान मुक्ति-पथ्य का प्रेरक है, अज्ञान कर्म-बंध में सहायक है। हे ज्ञानवान चेतन्य भगवानात्मा । ज्ञान की ओर दृष्टिपात करो । आत्मकल्याण में परमोपकारी ज्ञान को प्राप्त करो। यदि समीचीन ज्ञान को प्राप्त करना है, तो ज्ञान के सागर दिगम्बर ज्ञान प्रदाता उपाध्याय-पाठक परमेष्ठी की श्रद्धाखेक आचार्य भगवन्त, धरती धरत्ती के के देवता मुनिराज, शीघ्रातिशीघ्र शरण प्राप्त कर ।ज्ञान समान न आन जगत में सुख का कारण हे जीवात्मा। ज्ञान के समान उपकारी संसार में उक्थ अन्य कोई सुख का समीचीन कारण नहीं है। शान से शून्य कोटि-कोटि वर्षों तक किया गया तप भी कल्याणकारी नहीं है। ज्ञान पूर्वक शण मात्र की गई साधना भी सिद्धत्व की ओर प्रयाण है। शास्वत सुख की चाह है, तो हे भध्यात्मन सम्यक ज्ञान की विधि प्राप्त कर । ज्ञान वह रत्न है जो श्रद्धा सम्यक्त्व और चारित्र को चमक प्रदान करता है। सम्यक-ज्ञान ही आनन्द है।

## योग, आयुर्वेद, जैविक आहार एवं भारतीय शिक्षा बोर्ड से शिक्षा क्रांति का संकल्प : भगत सिंह

### सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर पथरिया तहसील में 20 सितंबर से शुरू होगाः निशुल्क योग प्रशिक्षक कृष्ण कुमार परोहा जिला प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



विश्व योग ऋषि परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज एवं आयुर्वेद शिरोमणि पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी महराज के विराट संकल्प योगमय, संस्कारित और सशक्त भारत को साकार करने हेतु दमोह के बेलाताल टापू मंदिर में पतंजलि योग समिति जिला दमोह म.प्र. के कार्यकर्ता बैठक आयोजित हुई।

इसमें राज्य प्रभारी भगत सिंह योगाचार्य ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि – "योग, आयुर्वेद, जैविक आहार, स्वदेशी परंपरागत चिकित्सा, ने कीर्तिमान स्थापित किया है अब सनातन धर्म और भारतीय शिक्षा बोर्ड से शिक्षा क्रांति उदघोष हुआ है जिसमें सभी कार्यकर्ता विद्यालयों को संपर्क कर पीठ से संचालित शिक्षा बोर्ड से जुड़कर, भारत को पुनः अपने स्वर्णिम वैभव की ओर ले जाने का सशक्त मार्ग बनाए। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली से बढ़ती बीमारियों, नशे और अव्यवस्था का स्थायी समाधान केवल योग और आयुर्वेद ही है। यदि प्रत्येक परिवार योग को अपनाएगा तो रोग मुक्त और नशा मुक्त समाज का निर्माण संभव है। प्रत्येक ग्राम, वार्ड और तहसील में 50 सक्रिय कार्यकर्ता तैयार करने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि – "यदि हर घर में एक योगी बनेगा, तो पूरा परिवार और अंततः पूरा समाज योगमय होगा।" सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविरों के विस्तार पर बल देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि दस गुना अधिक योग शिक्षक तैयार कर हर नागरिक तक योग को पहुंचाना है। उन्होंने योग को केवल व्यायाम नहीं, बल्कि "जीवन जीने की वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक पद्धति" बताया। जैविक आहार अपनाने, स्वदेशी चिकित्सा को बढ़ावा देने और सनातन मूल्यों को जीवन में उतारने से ही भारत पुनः विश्वगुरु बनेगा। बैठक में दमोह निशुल्क योग प्रशिक्षक एवं जिला प्रभारी कृष्ण कुमार परोहा ने बताया कि जिले में वर्तमान में 170 निःशुल्क योग कक्षाएं संचालित हैं, जिन्हें 200 तक विस्तार करने का लक्ष्य है। सभी की सहमति से तय किया गया है सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर पथरिया में आयोजित किया जाएगा जो कि 20 सितंबर 2025 से शुरू होगा।

वरिष्ठ योग शिक्षक एवं सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में योगदान देने वाले भाई-बहनों का शाल, श्रीफल एवं अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर योगी दीपक सिंह राजपूत ( जिला योग समिति अध्यक्ष), डॉ. केदारनाथ शर्मा, सुरेश कुमार रैकवार, डॉ. राशिद खान, पंडित विनोद दुबे, राम सिंह राजपूत, वंश राज यादव, एन आर राठौर, बृजेश सिंह,गंगाराम पटेल, रामजी सोनी, महेश पाठक सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन विश्वनाथ सिंह धुर्वे ने किया तथा आभार रामजी सोनी ने व्यक्त किया। सभा में यह विश्वास व्यक्त किया गया कि शीघ्र ही दमोह जिला नशा मुक्त, रोग मुक्त और संस्कारित आदर्श योग नगरी के रूप में देश में उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

## जंगल से अवैध उत्खनन कर लाए गए पत्थर से वफर जोन में बन रहे वनकर्मी आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ



जंगल से अवैध उत्खनन कर लाए पत्थर ओर अमानक सामग्री का उपयोग कर मडियादो वफ़र क्षेत्र वन विभाग द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। दूसरों को वन संपदा का दोहन करने से रोकने वाला विभाग इस समय खुद के फायदे के लिए पत्थरों का दोहन कर रहा है और भवन निर्माण में अमानक सामग्री के उपयोग पर रोक नहीं लगा रहा है। बता दे कि वफ़रक्षेत्र मडियादो अंतर्गत तिदनी, मडियादो, वर्धा, पाली, मनकपुरा आदि बीट मे वन कर्मी आवास का निर्माण किया जा रहा है जिसमें जंगल से अवैध उत्खनन कर लाए पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा भवन के लिए टेंडर में स्वीकृत रेत का उपयोग न कर डस्ट का उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय वनकर्मी भवन के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने वाले ठेकेदार से सांठगांठ किए है जिसके चलते टेंडर में स्वीकृत सामग्री भवन तक नहीं पहुंच रही है। जानकारी के अनुसार मनकपुरा बीट में बन रहे वनकर्मी आवास में स्थानीय जंगल से लाए पत्थर का उपयोग दासा निर्माण में किया गया है। वहीं तिदनी ओर पाली बीट अंतर्गत हो रहे वनकर्मी आवास में रेत की जगह डस्ट का उपयोग किया जा रहा है जो नियम विरुद्ध है। वहीं स्थानीय वन कर्मी भी रेत की जगह डस्ट का उपयोग गलत बता रहे है ओर पूरी लापरवाही का ठीकरा ठेकेदार पर फोड़ रहे है। जानकारी के अनुसार वन कर्मी आवास का ठेका किशनगढ़ क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा लिया गया है। इस संबंध में डिप्टी डायरेक्टर मोहन सूद द्वारा मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया गया है।

**सरनेम परिवर्तन सूचना**

शपथकर्ता सुरेन्द्र कुमार वर्मा जाति वर्मा पिता स्व. श्री रामा प्रसाद वर्मा निवासी वार्ड नं 11 तेन्दूखेडा तहसील तेन्दूखेडा जिला दमोह ने शपथ पूर्वक कथन किया है कि पूर्व में मेरा नाम सुरेन्द्र कुमार अहिरवार पिता स्व श्री रामा प्रसाद अहिरवार चलता था। इसलिए मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र, व सर्विस बुक में मेरा यही नाम लिखा है। लेकिन अब मैंने अपना सरनेम बदलकर अहिरवार के स्थान पर वर्मा कर लिया हैं। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड,समग्र आईडी, बैंक खाते, जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र में मेरा यही परिवर्तित नाम सुरेन्द्र कुमार वर्मा पिता स्व.श्री रामा प्रसाद वर्मा लिखा हुआ है। अत: मेरी सर्विस बुक व समस्त दस्तावेजों में मेरा यही परिवर्तित नाम सुरेन्द्र कुमार वर्मा पिता स्व.श्री रामा प्रसाद वर्मा लिखा जावे एवं अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावें एवं पत्र व्यवहार किया जाये।

**शपथकर्ता - सुरेन्द्र कुमार वर्मा**
**पिता स्व. श्री रामा प्रसाद वर्मा**